ब्लैकलिस्टेड फर्म महादेव एसोसिएट्स ने लिया नाहरगढ़ दुर्ग की पार्किंग का टैंडर

पुरातत्व विभाग को दिये शपथ पत्र में ठेकेदार भरत सिंह ने कहा था कि ''उसकी फर्म रेलवे अथवा अन्य किसी भी सरकारी संस्थान से ब्लैकलिस्टेड नहीं है''

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । पार्किंग ठेकेदार भरत सिंह ने वर्ष 2020 में नगर निगम से ब्लैकलिस्ट होने के बावजूद झूठा शपथ पत्र पेश करके नाहरगढ़ दुर्ग की पार्किंग का भी ठेका उठा लिया। पुरातत्व विभाग के समक्ष दी गई जानकारी में ठेका फर्म महादेव एसोसिएट्स ने यह तथ्य छिपाकर घपला कर लिया। मामला सामने आते ही पुरातत्व विभाग ने नगर निगम प्रशासन पत्र भेजकर इस संबंध में जानकारी मांगी है, लेकिन राजस्व शाखा के अफसरों जवाब देने के बजाय इस पत्र को अटका लिया।

ठेकेदार की सांठगांठ ऐसी है कि ब्लैकलिस्ट होने के बावजूद भी पिछले 2 सालों से लगातार हैरिटेज नगर निगम में पार्किंग के ठेके उठा रहा है। पिछले दिनों सी-स्कीम में मालवीय मार्ग पर एयरटेल ऑफिस के बाहर की पार्किंग का फर्जी कार्यदेश तक तैयार कर लिया था। इतना सब होने के बावजूद नगर निगम प्रशासन ठेकेदार पर

- **जबकि घाटगेट पार्किंग की शर्तें न मानने पर नगर निगम ने वर्ष 2020 में ही कर दिया था ब्लैकलिस्ट**
- **ठेकेदार की सांठगांठ ऐसी है कि हैरिटेज निगम में भी पिछले 2 सालों से लगातार उठा रहा है पार्किंग ठेका**

कार्रवाई के बजाय चुप्पी साधे बैठा है।

सूत्रों के मुताबिक पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग जयपुर ने पिछले दिनों नाहरगढ़ दुर्ग में पर्यटकों की सुविधा के लिए पार्किंग संचालन का ठेका निकाला था। ठेकेदार भरत सिंह की फर्म महादेव एसोसिएट्स ने 70.63 लाख रुपये में यह ठेका लिया, लेकिन पुरातत्व विभाग के समक्ष 9 अप्रैल को जो शपथ पत्र पेश किया, उसमें नगर निगम से वर्ष 2020 में ब्लैकलिस्टेड होने की जानकारी छिपा ली। इस कारण यह टैंडर भरत सिंह को मिला, जबकि इस ठेके में फर्म जेबीजे कॉन्ट्रैक्टर ने 62.72 लाख रुपये और स्काई टच कॉन्ट्रैक्टर ने 48.51 लाख रु. की बोली लगाई थी। सबसे ज्यादा कीमत होने पर पुरातत्व विभाग ने ठेकेदार भरत सिंह को ठेका दे दिया, जबकि अगर पुरातत्व विभाग को मालूम होता कि यह फर्म नगर निगम से पहले से ही ब्लैकलिस्टेड है तो इसे टैंडर में शामिल होने से ही रोक दिया जाता।

सूत्रों के मुताबिक ठेकेदार भरत सिंह ने पुरातत्व विभाग के समक्ष जो शपथ पत्र पेश किया, उसमें कहा कि रेलवे और अन्य किसी सरकारी संस्थानों से उनकी फर्म ब्लैकलिस्टेड नहीं है। जबकि ठेकेदार भरत सिंह ने 3 अक्टूबर 2019 को ई-नीलामी में घाटगेट पार्किंग स्थल का टैंडर लिया था, लेकिन टैंडर की शर्तों की पालना न करने पर फर्म को नगर निगम के तत्कालीन राजस्व उपायुक्त ने 17 जुलाई 2020 को आदेश जारी कर ब्लैकलिस्टेड कर दिया था। साथ ही ग्रेटर व हैरिटेज नगर निगम के सभी टैंडरों और नीलामी में शामिल होने पर भी रोक भी लगाई थी।

सूत्रों की मानें तो पुरातत्व विभाग ने ठेकेदार का यह कारनामा सामने आने के बाद नगर निगम प्रशासन को पत्र लिखकर जानकारी मांगी है कि फर्म महादेव एसोसिएट्स को कब ब्लैकलिस्टेड किया गया था, लेकिन राजस्व शाखा के अफसर अब खुद फंसते दिख रहे है। ऐसे में अधिकारी इस पत्र का जवाब देने के बजाय इसे ठंडे बस्ते में डालने की जगुत में जुटे हैं। दूसरी तरफ ठेकेदार भरत सिंह खुद को क्लीनचिट देने में जुटा है। उसका कहना है कि फर्म महादेव एसोसिएट्स को नगर निगम ने कभी ब्लैकलिस्टेड नहीं किया। इस बार भी किसी अन्य व्यक्ति ने ही षड्यंत्र रचकर उसे फंसाने और छवि धूमिल करने की कोशिश की हैं।

सफाईकर्मी लक्ष्मी का काम देखकर महापौर सौम्या गुर्जर ने गले लगाया

महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बुधवार को झोटवाड़ा क्षेत्र के वार्ड 64 में निरीक्षण के दौरान सफाईकर्मी लक्ष्मी के कार्य से प्रभावित होकर उसे गले लगाया और शाबाशी दी। फोटो-राष्ट्रदूत

जयपुर (कासं)। जयपुर ग्रेटर की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बुधवार को झोटवाड़ा जोन क्षेत्र के वार्ड 63 व 64 का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनी। सबसे पहले महापौर झोटवाड़ा स्थित वार्ड 64 में पहुंची। जहां पार्षद राजेन्द्र अग्रवाल ने महापौर को वार्ड की समस्याएं बताई। इस बीच महापौर ने जनता के बीच जाकर उनसे संवाद किया तथा उनकी समस्याएं सुनी। लोगों ने महापौर को वार्ड की बंद रोड लाईटों, नाला सफाई एवं सीवर के टूटे हुए चेम्बर, टूटे हुए फेरो कवर की शिकायतें की। वहीं पार्कों में टूटे झूले, पार्कों के रख-रखाव संबंधी समस्याएं भी बताई। इस पर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। महापौर ने वार्ड 64 में स्थानीय निवासियों की ओर से संधारित किये जा रहे पार्क की सराहना की। यही पर सफाईकर्मी लक्ष्मी के कार्य से प्रभावित होकर महापौर ने उसे गले लगाया। महापौर ने सफाईकर्मी के काम को देख उसे शाबाशी भी दी। महापौर के इस आत्मीय व्यवहार को देख सफाईकर्मी के चेहरे पर खुशी झलक पड़ी। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने वार्ड 63 का दौरा किया, जहां पार्षद पीयूष किराडू की ओर से वार्ड की जनसमस्याओं से अवगत कराया गया। वार्ड 63 के दौरे के दौरान जनता ने महापौर को पुनः वार्ड का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया।

रूडसीको का अधिशाषी अभियंता 5 लाख रुपये की घूस लेते गिरफ्तार



जयपुर (कासं)। एसीबी टीम ने 5 लाख रु. की रिश्वत लेने के मामले में रूडसीको के अधिशाषी अभियंता कम रेजीडेंट मैनेजर लूणकरण कुम्हार को गिरफ्तार किया है। आरोपी रेजीडेंट मैनेजर लूणकरण कुम्हार 30 जून को सेवानिवृत होने वाला था, लेकिन एक दिन पहले ही उसने बकाया 1 करोड़ रु. के बिल पास करने की एवज में यह घूस ले ली। अब एसीबी टीम आरोपी के प्रताप नगर सेक्टर-19 में प्लॉट नंबर 195/106 पर सर्च की कार्रवाई करने में जुटी है।

एसीबी महानिदेशक बी.एल.सोनी ने बताया कि परिवादी ने एसीबी को शिकायत दी थी कि उसकी फर्म के

- **आज सेवानिवृत होने वाला था आरोपी, ठेकेदार के एक करोड़ के बिल पास करने के एवज में ली थी रिश्वत**

निर्माण कार्यों के बकाया एक करोड़ रुपये का बिल पास करने की एवज में रूडसीको के अधिशाषी अभियंता कम रेजीडेंट मैनेजर लूणकरण कुम्हार 5 लाख रु. कमीशन मांग रहा है।

इस पर एसीबी ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु कुलदीप के नेतृत्व में सत्यापन कराया और उप अधीक्षक सुरेश स्वामी की टीम ने ट्रैप रचा। एसीबी ने परिवादी को डेढ़ लाख रुपये नकद और साढ़े 3 लाख रुपये डमी केरेंसी देकर आरोपी के पास भिजवाया, जहां रिश्वत लेने के दौरान ही एसीबी ने उसे दबोच लिया। एसीबी अब आरोपी के बैंक खाते व ठिकानें खंगाल रही है।

'उदयपुर के जो भी आरोपी हैं, उसे ठोककर मारेंगे'

जयपुर । उदयपुर में कन्हैयालाल टेलर की तालिबानी तरीके से की गई हत्या को लेकर पूछे जाने पर खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि इन आरोपियों को पब्लिक को उसी समय ठोक देना चाहिए था। जयपुर में उदयपुर हत्याकांड को लेकर मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि जो भी आरोपी है, उसे ठोककर मारेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में आज जो माहौल बिगड़ा है, कहीं पर भी जो सांप्रदायिकता का माहौल है, उस माहौल को ठीक करना हमारी जिम्मेदारी है। जो माहौल बिगड़ा है वह बीजेपी की करतूत है। खाचरियावास ने कहा कि इन आरोपियों को पब्लिक को उसी समय ठोक देना चाहिए था। साथ ही उदयपुर पुलिस की भूमिका को लेकर उन्होंने कहा कि इस मामले में अगर पुलिस की भूमिका गलत रही तो मुख्यमंत्री से उदयपुर पुलिस की शिकायत करूंगा। खाचरियावास ने कहा कि राजस्थान में किसी भी कीमत पर माहौल नहीं बिगड़ने देंगे। जिन अपराधियों ने अपराध किया है उन्हें ठोककर मारेंगे।

दत्ता रूपी एप से 7 हजार रु. का लोन लिया था, रकम लौटाने के बावजूद युवक से ब्लैकमेलिंग

बदमाशों ने परिचित महिला की फोटो एडिट करके न्यूड कर परिजनों को भेजी, पिता को हार्ट अटैक आया

जयपुर । ऑनलाइन मोबाइल एप दत्ता रुपी से रुपए निकालने पर बिजनेसमैन को ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। एडिट कर उसकी फीमेल फ्रेंड की न्यूड फोटो परिजनों को भेज दी। फ्रेंड को बदनाम करने की धमकी देकर पैसे मांगे। रुपए नहीं देने पर लड़की की फोटो उसके माता-पिता को भेज दी। इससे युवती के पिता को हार्ट अटैक आ गया। फिलहाल वे अस्पताल में भर्ती है।

घटना श्याम नगर थाना इलाके में रहने वाले विदर्भ व्यास के साथ हुई है। वह सरसों के तेल की फैक्ट्री चलाते हैं। उनके पास एक ऐप का नोटिफिकेशन आया था कि दत्ता रुपी ऐप तुरंत पैसा देती है। इस पर विदर्भ ने 22 जून को ऐप डाउनलोड कर कॉन्टैक्ट्स की परमिशन दे दी। सभी ऑप्शन को एक्सेप्ट कर लिया। इससे ऐप के पास सभी कॉन्टैक्ट्स और पर्सनल डाटा चला गया। इसके बाद

- **पीड़ित 12 से अधिक नंबरों को ब्लॉक कर चुका, साइबर क्राइम ब्रांच में शिकायत देने के बाद वहां से मामला श्याम नगर थाने में भेज दिया, आरोपियों का सुराग नहीं**

विदर्भ के खाते में 2 बार 3500 रुपए आ गए। इस तरह से ऑनलाइन लोन ऐप की ओर से कुल 7000 रुपए विदर्भ के अकाउंट में क्रेडिट कर दिए गए। फिर कुछ घंटों बाद कॉल आने लग गए कि पैसे लौटाने होंगे। धमकाया कि तुम्हारे सभी नंबरों पर अश्लील वीडियो भेजकर उन्हें बता दूंगा कि तुमने पैसा लिया है। अब नहीं दे रहे हो। इस पर विदर्भ ने 7 हजार रुपए लौटा दिए, लेकिन ऐप वाले फिर भी 7 हजार रुपए और मांगते रहे। ऐप की ओर से एक युवक ने धमकाया कि आपके परिवारवालों के मोबाइल पर अश्लील वीडियो और फोटो डालने वाले हैं। अगर पैसा नहीं दिया तो उम्हें बदनाम कर देंगे। विदर्भ की महिला दोस्त विदेश में पढ़ाई करती है। उसकी फोटो एडिट कर उसे न्यूड कर दी। साथ में लिखा कि तुम्हारे दोस्त ने पैसा लिया है। अब पैसा देने से मना कर रहा है। जगतपुरा में रहने वाले युवती के पिता को वही न्यूड फोटो भेज दी। बेटी की ऐसी हालत में देखकर 23 जून की सुबह उन्हें हार्ट अटैक आ गया। उनका फोर्टिस अस्पताल में इलाज चल रहा है। परेशान होकर विदर्भ ने 23 जून को पूरी जानकारी साइबर क्राइम ब्रांच को दी। इसके बावजूद मैसेज आने बंद नहीं हुए। हर दिन सैकड़ों लोगों के फोन आ रहे हैं, पैसा दो नहीं तो और किसी को बदनाम करेंगे।

सार-समाचार

'कन्हैयालाल के हत्यारों को फांसी दो'

जयपुर (कासं)। उदयपुर में टेलर कन्हैया लाल की हत्या का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार को जयपुर में कार्यकर्ताओं ने कन्हैया के अपराधियों को सजा दिलाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने राजस्थान विश्वविद्यालय में मानव श्रृंखला बनाई और पुलिस गिरफ्त में आए दोनों आरोपियों को फांसी देने की मांग की। इस दौरान राजस्थान यूनिवर्सिटी इकाई अध्यक्ष अमरदीप परिहार ने कहा कि देश में अशांति और अराजकता का माहौल व्याप्त है। जिस तरह से आंतकवादियों ने साहू की हत्या की है। उससे पूरा देश स्तब्ध है। परिहार ने सरकार से मांग की कि हत्या करने वाले आतंकवादियों को तुरंत फांसी की सजा दी जाए। बता दें कि जयपुर में गुरूवार को हिंदू संगठनों ने कन्हैयालाल की हत्या के विरोध में बंद का आव्हान किया गया है। जिसका एनएसयूआई ने भी समर्थन किया है।

कई जिलों में इंटरनेट सेवा रही बाधित

जयपुर, (कासं)। प्रदेशे में उदयपुर घटना के बाद उत्पन्न हालात के मद्देनजर प्रदेश के कई जिलों में बुधवार को दूसरे दिन भी इंटरनेट सेवा बंद रही। हालात को देखते हुए गुरुवार को भी यह बंद रहेगी। घटना के बाद जयपुर, उदयपुर, अजमेर, नागौर, भीलवाड़ा और टोंक सहित कई जिलों में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गयी थी। इन जिलों में बुधवार को दूसरे दिन भी सेवा बाधित रही और अग्रिम आदेशों तक यह सेवा बंद रहेगी। जयपुर संभागीय आयुक्त के अनुसार जयपुर, झुझुनूं, सीकर जिलों में बंद इंटरनेट सेवा को गुरुवार शाम साढ़े पांच बजे तक बढ़ा दिया गया है। इंटरनेट सेवा बाधित रहने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नन्नूमल व सांखला को जमानत मिली

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने हाईवे निर्माण कंपनी से रिश्वत लेने के मामले में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे अलवर के पूर्व कलेक्टर नन्नूमल पहाडिया और आरएएस अशोक कुमार सांखला को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस नरेन्द्र सिंह की एकलपीठ ने यह आदेश दोनों आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए। जमानत याचिकाओं में कहा गया कि प्रकरण में पुलिस ने अनुसंधान पूरा कर अदालत में आरोप पत्र पेश कर दिया है। ऐसे में अब याचिकाकर्ताओं से कोई पूछताछ और अनुसंधान शेष नहीं है। इसके अलावा प्रकरण में वे लंबे समय से न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे हैं। वहीं मामले की ट्रायल पूरी होने में लंबा समय लगने की संभावना है। इसलिए उन्हें जमानत पर रिहा किया जाए। जिसका विरोध करते हुए सरकारी वकील ने कहा कि दोनों आरोपियों पर हाईवे निर्माण कंपनी से रिश्वत लेने का गंभीर आरोप है। आरोपी कंपनी से मासिक वसूली कर रही थे। ऐसे में उन्हें जमानत पर रिहा नहीं किया जा सकता। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने आरोपियों को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं।

बुआ के बेटे ने किया युवती से दुष्कर्म

जयपुर (कासं)। भट्टाबस्ती इलाके में बुआ के लड़के द्वारा युवती की आबरू लूटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया इलाके निवासी 28 वर्षीया युवती ने रिपोर्ट दी है कि 23 जनवरी 2019 को घर में विवाह समारोह में बुआ और उसका लड़का इस्लाम आया था। आरोप है इस दौरान बुआ और उसके लड़के इस्लाम ने मिठाई में नशीला पदार्थ मिलकर खिला दिया। बेहोशी की हालत में इस्लाम ने दुष्कर्म किया और घटना की वीडियो बना ली। इसके बाद इस्लाम वीडियो वायरल की धमकी देकर लगातार देहशोषण करता आ रहा है। वह कुछ समय पहले उसे अगवा कर मकराना ले गया था, जहां बंधक बनाकर कई दिन तक दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

ट्रक से सामान चुराने वाला चालक पकड़ा

जयपुर (कासं)। हरमाड़ा पुलिस ने ट्रक में से माल चोरी करने वाले चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपित से माल बरामदगी के लिए रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी मांगीलाल विश्नोई ने बताया गिरफ्तार आरोपित जुबेर (25) जामा मस्जिद के पास, गांव नंगला शहजाद थाना कामां जिला भरतपुर का रहने वाला है। आरोपी जुबेर चेन्नई से ब्लूडॉर्ट कंपनी का माल भरकर जयपुर के लिए रवाना हुआ था। भरतपुर में आरोपी जुबेर ट्रक को छोड़कर चला गया था। इसके बाद दूसरा चालक ट्रक लेकर जयपुर पहुंचा तो ट्रक में से कीमती सामान के 28 कार्टन चोरी होना पाए गए। इस पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को पकड़ा तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

ई-नीलामी की अंतिम तिथि 6 जून

जयपुर, (कासं)। हाऊसिंग बोर्ड ने प्रदेश में इंटरनेट सेवा प्रभावित होने के कारण 29 जून को समाप्त होने वाले बुधवार नीलामी उत्सव, प्रीमियम सम्पत्तियां, कोचिंग हब आर्केड समेत अन्य ई- ऑक्शन की तिथि आगामी 6 जुलाई तक बढ़ा दी है। इसके साथ ही जयपुर के मानसरोवर में वी.टी. रोड और अरावली मार्ग की प्राइम लोकेशन पर स्थित वाणिज्यिक भूखण्ड संख्या-21 की धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करवाने की अंतिम तिथि 1 जुलाई से बढाकर 6 जुलाई तक कर दी गई है। आवासन आयुक्त पवन अरोडा ने बताया कि आवेदकों को होने वाली परेशानी को देखते हुए जनहित में यह निर्णय लिया गया है।

द्रव्यवती नदी में कूदकर सुसाइड करने वाली मधुबाला के पिता ने ससुराल पक्ष के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

जयपुर (कासं)। शिप्रापथ स्थित लैंडस्केप पार्क के पास द्रव्यवती नदी में कूदकर आत्महत्या करने वाली सहायक अभियंता मधुबाला के पिता ने ससुराल पक्ष के विरुद्ध प्रताडऩा व आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कराया है।

अलवर निवासी सोहन सिंह कुशवाह ने रिपोर्ट में बताया कि 23 जून को उनकी पुत्री ने फोन करके बताया कि जेठ, जेठानी, ससुर व सास उसे प्रताड़ित करते हैं। इस पर अगले दिन वे बेटी के ससुराल पहुंचे, तब ससुराल पक्ष ने आगे से ऐसी घटना नहीं होने के बारे में कहा। 25 जून को बेटी ने फिर फोन करके यही शिकायत की, हम जयपुर के लिए फिर रवाना हो गए। इसी दौरान शाम को सूचना मिली कि बेटी मधुबाला और दामाद तरुण सिंह जादौन ने द्रव्यवती नदी में कूदकर जान दे दी है। मामले में पुलिस आरोपों की जांच कर रही है। गौरतलब है कि थर्मल पावर प्लांट सूरतगढ़ में एईएन मधुबाला और पटना बिहार में सीनियर कम्पाउंडर तरुण जादौन ने 25 जून को द्रव्यवती नदी में कूदकर जान दे दी थी। एक रिश्तेदार ने बताया कि दो माह पहले मधुबाला का एक वीडियो पीहर पक्ष को मिला था। वीडियो में मधुबाला चेहरे व गर्दन पर चोट के निशान बता रही है। उसने बताया कि पति ने मारपीट की, जिससे चोट आई है। मृतका के पिता अलवर निवासी सोहन सिंह ने कहा कि ससुराल वालों ने मधुबाला और उसकी जेठानी के नाम मकान पर लोन लिया था। लोन की किश्त मधुबाला ही दे रही थी, लेकिन मार्च से उसने किश्त देना बंद कर दिया। इसको लेकर ही बेटी का ससुराल में विवाद चल रहा था। उन्होंने कहा कि उन्हें कुछ समझ में नहीं आ रहा क्या करें।

तेलंगाना में कमल खिलाने पहुंचे भाजपा नेता

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया 3 जुलाई तक हैदराबाद दौरे पर रहेंगे

जयपुर (कासं)। तेलंगाना में कमल खिलाने के लिए प्रदेश के कई नेता हैदराबाद के लिए रवाना हो गए। आगामी 2 और 3 जुलाई को तेलंगाना के हैदराबाद में हो रही भाजपा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक से पहले भाजपा तेलंगाना के सभी विधानसभा क्षेत्रों में संगठनात्मक बैठक करेगी। ये बैठक समिति में शामिल होने आने वाले अलग-अलग प्रदेशों के नेता लेंगे। राजस्थान से भी प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया सहित करीब एक दर्जन नेता कार्यसमिति की बैठक में शामिल होने जा रहे हैं जिन्हें पार्टी ने संबंधित विधानसभा क्षेत्र में बैठके करने के लिए 48 घंटे पहले ही तेलंगाना बुलाया है।

तेलंगाना में दिसंबर 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को ज्यादा सफलता नहीं मिल पाई। भाजपा चाहती है कि यहां भी भाजपा का कमल खिला सके। यही कारण है कि पार्टी अपनी

- **राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक में होंगे शामिल सतीश पूनिया**

राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक भी तेलंगाना के हैदराबाद में ही कर रही है और बैठक से 48 घंटे पहले बैठक में शामिल होने वाले नेताओं को बुलाया गया है।

तेलंगाना में 119 विधानसभा सीटें हैं और देश के अलग-अलग राज्यों से आने वाले प्रमुख नेताओं को इन विधानसभा क्षेत्रों में 48 घंटे रह कर संगठनात्मक बैठकें करने के निर्देश दिए हैं। राजस्थान से भी जो नेता इस कार्यसमिति में शामिल होंगे वो 30 जून को ही तेलंगाना पहुंच जाएंगे और संबंधित विधानसभा क्षेत्र में 48 घंटे रहकर संगठनात्मक बैठकें कर पार्टी को मजबूती देंगे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ.सतीश पूनिया 30 जून से 3 जुलाई तक हैदराबाद और तेलंगाना के प्रवास पर रहेंगे। डॉ. पूनियां 1 जुलाई से 3 जुलाई तक हैदराबाद में भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक में शामिल होंगे।

डॉ. पूनिया 30 जून को तेलंगाना के खैरथाबाद विधानसभा क्षेत्र में भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा तेलंगाना प्रदेश के सम्पर्क अभियान कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान वे खैरथाबाद विधानसभा क्षेत्र में आगामी तेलंगाना चुनाव 2023 और लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर मंडल, शक्ति केन्द्र, मोर्चा अध्यक्ष, मोर्चा महामंत्री सभी सातों मोर्चों, जिला, प्रदेश एवं उपस्थित राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक में चर्चा करेंगे। डॉ. पूनिया केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार को लेकर खैरथाबाद में संगठन के पदाधिकारियों के साथ विशेष चर्चा करेंगे और 3 जुलाई को हैदाराबद में होने वाली महारैली की तैयारियों के संबंध में भी चर्चा करेंगे। उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ हैदराबाद पहुंचे। जहां वह 30 जून को संगठनात्मक कार्यक्रम के तहत बालकोंडा विधानसभा (तेलंगाना) में संपर्क अभियान में शामिल होंगे। तत्पश्चात् 2 व 3 जुलाई को भाग्यनगर, हैदराबाद (तेलंगाना) में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक में हिस्सा लेंगे। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे, पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री डॉ अलका सिंह गुर्जर, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुन लाल मेघवाल के साथ ही कार्यसमिति सदस्य नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, प्रदेश संगठन मंत्री चंद्रशेखर, प्रदेश अध्यक्ष डॉ अरुण चतुर्वेदी के नाम शामिल हैं।

एनआरआई सर्किल को मिला नया लुक

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने प्रताप नगर में नव विकसित एनआरआई सर्किल का उद्घाटन किया।

जयपुर, (कासं)। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बुधवार को प्रताप नगर में नव विकसित एनआरआई सर्किल का उद्घाटन किया। आवासन आयुक्त ने इस सर्किल को नया लुक दिये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि मण्डल की अन्य आवासीय योजनाओं में चौराहों तथा सर्किल को जन सहयोग एवं सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से खूबसूरती प्रदान करने का काम किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस सर्किल का सौन्दर्यकरण आवासन मण्डल ने दो संस्थाओं जयपुर हैरिटेज लेडीज सर्कल-128 और राउंड टेबल इण्डिया के सहयोग से किया है। यहां खूबसूरत पौधे तथा आकर्षक लाइटिंग की सज्जा के साथ लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। समारोह में आवासन मण्डल के मुख्य अभियन्ता के.सी. मीणा, पार्षद ममता शर्मा और विनोद शर्मा भी मौजूद थे। जयपुर हेरिटेज लेडीज सर्कल-128 की चेयरपर्सन अनिका मित्तल ने बताया कि राउंड टेबल इण्डिया तथा जयपुर हेरिटेज लेडिज सर्कल, दोनों संस्थाएं सामाजिक उत्थान की दिशा में कार्य कर रही है और इनका मुख्य उद्देश्य समाज में शिक्षा के माध्यम से जागृति लाना है। इस सर्किल को 27 अप्रेल को गोद लिया था।

प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में वृद्धि हुई

जयपुर । प्रदेश में करोना संक्रमण के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। इसके चलते बुधवार को राज्य में 140 नए संक्रमित मिले। हालाकि इस बीच किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। उधर राज्य में रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर 939 हो गए हैं।

प्रदेश में बुधवार को 15 जिलों में 140 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इससे पहले मंगलवार को 134 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में भी थोड़ी वृद्धि के बाद 50 नए संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा बीकानेर में 19, अजमेर में 15, जोधपुर में 14, उदयपुर में 9, अलवर में 6, चूरू व नागौर में 5-5, गंगानगर में 4, बांसवाड़ा, हनुमानगढ़ व सीकर में 3-3, दौसा में 2, भरतपुर और चित्तौड़गढ़ में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं 18 जिलों बारां, बाड़मेर, भीलवाड़ा, बूंदी, धौलपुर, डूंगरपुर, जैसलमेर, जालोर, झालावाड़, झुंझुनूं, करौली, कोटा, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाई माधोपुर, सिरोही और टोंक में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है। प्रदेश में बुधवार को 105 मरीज ठीक हुए हैं। वहीं एक्टिव केस बढ़कर 939 हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 384 मामले जयपुर में है। राज्य में पिछले चौबीस घंटे में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। अब तक इस बीमारी से 9564 लोगों मृत्यु हो चुकी है। वहीं राजधानी जयपुर में बुधवार को 26 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 4 नए संक्रमित सोड़ाला में पाए गए हैं। इसके अलावा गोपालपुरा, जगतपुरा, जवाहर नगर, मालवीय नगर व मानसरोवर में 3-3, अजमेर रोड, सी-स्कीम, चौड़ा रास्ता, जमवारामगढ़, प्रताप नगर, सांगानेर, टोंक फाटक, वैशाली नगर व विद्याधर नगर में 2-2 तथा सिंधी कैम्प, शास्त्री नगर, मुरलीपुरा, महारानी फार्म, लूणियावास, लालकोठी, खातीपुरा, गांधी नगर, दुर्गापुरा और बनीपार्क में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं 3 मरीजों का एड्रेस गलत मिलने पर उन्हें ट्रेस किया जा रहा है। इस बीच जिले में केवल 39 रोगी ठीक हुए हैं।

- **राज्य में बुधवार को 140 नए संक्रमित मिले, इससे पहले मंगलवार को 134 रोगी पाए गए थे**
- **राजधानी जयपुर में सर्वाधिक 50 नए संकमित मिले, प्रदेश में एक्टिव केस बढ़कर 939 हो गए हैं।**